# हल्की बारिश में ही कीचड़ से सनी मुख्य सड़क

नवभारत न्यूज

**कोठी 7 जुलाई, नगर परिषद कोठी की साफ सफाई, स्वच्छता और विकास की बात सिर्फ कागजों तक ही सीमित है हकीकत कोठी नगर में कुछ और ही है यही वजह है की कोठी नगर में जगह-जगह परेशानी का आलम नगर वासियों सहित राहगीरों को झेलना पड़ता है चाहे वह किसी भी दिशा की ओर हो अब जरा सी बारिश में ही कोठी नगर की मुख्य सड़के कीचड़ से सन जाती हैं और नालियों का सारा गंदा पानी सड़कों पर बहता है।**



वजह यह है कि अधिकांश नालियां चोक हैं या फिर सही ढंग से जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है जिसकी वजह से लोगों को परेशानी भरा जीवन गुजारना पड़ रहा है जबकि यहां पर व्यवस्था बनाने के लिए नगर परिषद में सभी मौजूद हैं पर सुध लेने वाला कोई नहीं है जिसकी बदौलत नगर परिषद कार्यालय के सामने की ही मुख्य सड़क हल्की सी बारिश में ही कीचड़ से सन जाती है जिससे फिसलन बढ़ जाती है और दुर्घटनाओं की संभावना प्रबल हो जाती है कई बार दुर्घटनाएं हो भी जाती हैं और लोग इसका शिकार हो जाते हैं परंतु इस पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है जबकि अभी पूरी बारिश आना शेष है जब वर्षा अपने चरम की ओर बढ़ेगी तब क्या हाल होगा कोठी नगर परिषद कार्यालय के सामने से निकलने वाली नगर की मुख्य सड़क जो झाली चौराहे से सुंदरा सेमरिया मार्ग को जोड़ती है जहां पर परेशानी का आलम बना हुआ है झाली चौराहे पर तो पिछले दिनों हुए गड्ढे में मिट्टी डालने की वजह से वहां पर बारिश में कीचड़ तो रहता ही है साथ ही मुख्य सड़क में भी साफ सफाई न होने तथा रखरखाव के अभाव एवं पानी निकासी की सही व्यवस्था न होने की वजह से हल्की बारिश में ही सड़क कीचड़ से सन जाती है जिसमें लोग संभल संभल कर निकलते हैं कई दफा तो लोग दुर्घटनाओं का शिकार भी हो जाते हैं और नगर की जिम्मेदार है तो सिर्फ अपना समय पास करने में लगे हुए हैं और कामों का कोरम में पूरा करते हैं।

### नगर परिषद की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण : आशीष तिवारी

नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति कोठी के संयोजक सदस्य आशीष तिवारी ने नगर परिषद की अनदेखी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि नगर की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए नगर परिषद की जिम्मेदारों को समय रहते ध्यान देना चाहिए क्योंकि इससे लोगों की सुरक्षा जुड़ी हुई है सड़क पर सभी चलते हैं और सड़क सही न होने की वजह से दुर्घटना होती हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है नगर परिषद के जिम्मेदारों को तत्काल इस विषय पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह नगर परिषद की मुख्य सड़क है इसमें हर वार्ड के लोगों का आना-जाना दिन भर रहता है जिससे अव्यवस्थाएं होती हैं एवं नगर की सुंदरता पर ग्रहण लगता है नगर परिषद की जिम्मेदारों को नियमित रूप से नगर की व्यवस्थाओं की देखभाल करनी चाहिए जिससे नगर वासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े और समय रहते सड़क के पानी की निकासी की व्यवस्था व साफ सफाई करनी चाहिए जिससे सड़क पर कीचड़ ना फैले विशेष कर बरसात के मौसम में है यह और अधिक ध्यान देने योग्य है।

## अभाउ उत्थान संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक कल भोपाल में

**कोठी 7 जुलाई,** भारत सरकार मंत्रालय द्वारा विधि न्याय एवं कंपनी मामले में मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के प्रदेश प्रवक्ता एवं सतना जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में उपभोक्ता आंदोलन को सशक्त बनाने के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के मध्य प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष एवं सभी प्रदेश पदाधिकारियों की प्रदेश स्तरीय आवश्यक बैठक राजधानी भोपाल के कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने होटल पुखराज में 9 जुलाई बैठक को अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की अध्यक्षता एवं मध्य प्रदेश संगठन के अध्यक्ष संदीप सूरी की मुख्य मौजूदगी में 9 जुलाई को सुबह 11:00 से आयोजित होगी। बैठक में आगामी दिनों अक्टूबर माह में भोपाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन करने उपभोक्ता आंदोलन को सशक्त करने तथा शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाने के साथ-साथ संगठन को जिला स्तर पर मजबूत कर ग्राम समिति बनाए जाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने लिया जाएगा.



# जनसमस्याओं को लेकर ब्लाक कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 7 जुलाई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर बाघेलान के अध्यक्ष संदीप सिंह परिहार के नेतृत्व में आज क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रामपुर बाघेलान को ज्ञापन सौंपा गया।**

ज्ञापन में क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय उद्योगों एवं फैक्ट्रियों में रोजगार में प्राथमिकता देने, जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में संचालित अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, लंबे समय से जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने तथा किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में प्रमाणित खाद एवं बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने, नशे एवं अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने, बाजार बैठक के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाने, आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान करने तथा अनियमित एवं त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों की निष्पक्ष जांच कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से जनहित के इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की, ताकि क्षेत्र की आम जनता को राहत मिल सके। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलखन पटेल ,पूर्व प्रत्याशी, रामशंकर पयासी, भागवत सिंह तिवारी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छिबौरा अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, बेला ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर गोटिया, राजेंद्र मिश्रा, कमलेंद्र सिंह कमलू, सज्जन सिंह तिवारी, मंजुल त्रिपाठी, के के कुशवाहा, रोहितकांत सिंह, नीतिन सिंह, गनपत सिंह परिहार बांकेलाल सिंह, पुष्पा सिंह, नीलेंद्र द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह, मयंक द्विवेदी, रमेश शर्मा, गिरिजा तिवारी, हनुमान प्रसाद तिवारी, अरविन्द सिंह गहरवार, राजा सिंह बघेल, नरेन्द्र सिंह तिवारी चूली, गौकरण कुशवाहा रावेन्द्र सिंह धीरज शर्मा गौरव शर्मा, रोहित तिवारी, विनोद शुक्ला, निखिल सिंह गहरवार, अनूप दीक्षित, नीलेश सिंह तिवारी,राजभान सिंह बीदा, सतीश तिवारी असरार,राजू उपाध्याय,शिव सिंह, परिक्षित पाठक, सतेन्द्र सिंह, इंद्रभान कुशवाहा, मनीष राजेन्द्र दाहिया,शिवमोहन द्विवेदी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# संदीपनी स्कूल के ग्राउंड में भरा पानी, कचरे का लगा ढ़ेर

नवभारत न्यूज

**कोटर 7 जुलाई, नगर पंचायत कोटर स्थित संदीपनी स्कूल इन दिनों गंभीर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। लगातार पानी भर जाने से पूरा स्कूल परिसर तालाब में तब्दील हो गया है, जिससे छात्रों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण परिसर में घुटनों तक पानी जमा है। एक कक्षा से दूसरी कक्षा तक जाने के लिए विद्यार्थियों को जूते-चप्पल हाथ में लेकर पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे दुर्घटना और संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।

**स्कूल परिसर के अंदर से गुजर रहा नाला**-ग्रामीणों के अनुसार स्कूल परिसर के भीतर से नाले का निर्माण कर दिया गया है, जिससे आसपास के क्षेत्र का पूरा बारिश का पानी स्कूल में आकर भर जाता है। लगातार जलभराव के कारण परिसर में गंदगी फैल रही है और जहरीले सांप, बिच्छू तथा अन्य कीड़े-मकोड़ों का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

### शौचालय पर ताला, चारों ओर गंदगी

स्कूल परिसर में बने शौचालय पर ताला लगा हुआ था। वहीं आसपास कचरे का अंबार लगा मिला, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा विभाग और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को इस गंभीर समस्या की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल परिसर से जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, नाले की उचित व्यवस्था की जाए और बच्चों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## किसान कांग्रेस आज कोठी तहसील का घेराव करेगी

**कोठी 7 जुलाई,** किसान कांग्रेस के जिला महासचिव बृजेश गर्ग सोनू ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे की मौजूदगी में तहसील कार्यालय का घेराव कर मांगों का ज्ञान सौंपेगी। किसान कांग्रेस के कोठी ब्लॉक की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक में क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कोठी तहसील कार्यालय का घेराव कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के नेतृत्व में बैठक मंगलवार को दोपहर 12.00 से कोठी के दीन सहायक संस्था में आयोजित होगी इसके उपरांत 3.00 बजे कोठी तहसील का घेराव कर जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

# सफाई कर्मियों एवं कर्मचारियों को रेनकोट वितरित

नवभारत न्यूज

**कोटर 7 जुलाई, नगर परिषद कोटर में बारिश से बचाव के लिए सफाई कर्मचारियों को रैन कोट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ अरुण श्रीवास्तव , नगर परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति राजेंद्र गौतम एवं पार्षद पंकज कुशवाहा आंनद पाठक, देवराज, और कर्मचारी, आयुश सिंह, दिवाकर तिवारी, सतीश साहू, अजय पांडेय, विवेक , और सभी कर्मचारी उपस्थित रहे.




इस अवसर पर सीएमओ अरुण श्रीवास्तव जी ने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता की रीढ़ हैं और उनकी सुविधा का ध्यान रखना नगर परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

अध्यक्ष राजमणि सिंह ने कहा कि बरसात के मौसम में यह रेनकोट कर्मचारियों को राहत प्रदान करेगी कार्यक्रम के अंत में सफाई कर्मियों ने नगर परिषद का आभार व्यक्त किया।

# जिला बारात घर एंड टेंट डेकोरेटर्स ऐसो .की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 7 जुलाई, जिला बारात घर एन्ड टेंट डेकोरेटर्स ऐसो.की बैठक रविवार दिनांक 05/07/2026 को मधुबन मैरिज गार्डन में अध्यक्ष लखन अग्रवाल के नेतृत्व में एवं महामंत्री विनोद तिवारी के तत्वावधान में बैठक सम्पन्न कराई गई।**

बैठक के दौरान समस्त सदस्यों की उपस्थिति में सर्वप्रथम आगामी सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में भोपाल में होने वाले भोजपाल शामियाना कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सभी सदस्यों को अवगत कराया गया एवं साथ ही भोजपाल शामियाना में होने वाले कार्यक्रम के बैनर का विमोचन किया गया और विंध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जिला बारात घर सतना के द्वारा





सम्मान, आगामी अगस्त /सितंबर माह को भोपाल में होने वाले अधिवेशन के लिए सहभागिता हेतु परिचर्चा और आगामी 14/07/26 को रतलाम में होने वाली त्रिमासिक बैठक में सम्मिलित होने परिचर्चा हुई। बैठक के उपरांत कार्यकारिणी के गठन हेतु चर्चा, साथ ही जिला बारात घर एन्ड टेंट ऐसो. के शपथ ग्रहण की रूपरेखा भी तैयार की गई, जिसमे मुख्य रूप से संगठन के अध्यक्ष लखन अग्रवाल , महामंत्री विनोद तिवारी ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ,प्रशासनिक महामंत्री आशीष कश्यप ,उपाध्यक्ष शिव कुमार माल ,उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता ,उपाध्यक्ष राहुल त्रिपाठी ,सहमंत्री नरेंद्र जयसवाल , कोषाध्यक्ष -मो. वसीम ,सह कोषाध्यक्ष - छवि गुप्ता ,संजय गुप्ता ,मृत्युजय गुप्ता,शैलेन्द्र गुप्ता, रामानुज मिश्रा, नोमान सौदागर, अरविन्द पटनहा, धनराज जयसवाल, मनोज गुप्ता , अरविन्द पटनहा, रामलाल वर्मा, यश श्रीवास्तव, राकेश त्रिपाठी, रवि अग्रवाल, विजय श्रीवास्तव आदि लोग सम्मिलित रहे।

# जल भराव से वार्डवासी परेशान

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 7 जुलाई, नगर परिषद उचेहरा के वार्ड क्रमांक 15 (लक्ष्मी बाई वार्ड) में हमेशा ही जल भराव बना रहने के कारण वार्ड वासी खासे परेशान हैं बरसात के दिनों में यह समस्या और बढ़ जाती है। वार्ड वासियो का आरोप है कि सड़क पूरी तरह से टूटी हुई है, जिसके कारण बारिश का पानी हर समय जमा रहता है।**

जल भराव के पानी के कारण न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि लोगों के घरों की नींव और दीवारों को भी गंभीर नुकसान पहुँच रहा है। वार्ड वासियो का यह भी सीधा आरोप है कि परिषद द्वारा बिछाए गए पाइपलाइन का चैंबर सड़क के बीचों-बीच बना दिया गया है, चैंबर से 24 घंटे पानी का रिसाव होता रहता है, जिससे सड़क पर कीचड़ और जलजमाव बना रहता है।



### अधूरी नाली निर्माण बनी बाधा

मैहर - सतना रोड पर नाली का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया ।नाली केवल एक तरफ शराब दुकान की ओर बनाई गई है, इसके चलते स?क के दूसरी ओर बारिश और गंदा पानी सड़क पर फैल जाने के कारण रिहायसी इलाके के लोग दुर्गंध और प्रदूषण के साये में जीने को मजबूर होते है ।ऐसा कहा जाता है कि स्थानीय निवासियो ने कई बार नगर परिषद तक अपनी आवाज पहुंचाई लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से वार्ड वासियो का जीना मुहाल है। वार्ड वासियो ने जल्द ही जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की मांग की है।

# मझगवां के इन्द्र कुमार जायसवाल को पीएचडी की उपाधि



नवभारत न्यूज

**मझगवां 7 जुलाई, विकासखंड मझगवां अंतर्गत ग्राम एवं पोस्ट मझगवां निवासी इन्द्र कुमार जायसवाल को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार) के शिक्षा विभाग द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।**

उन्होंने "Techno Stress Among Teachers in Education System with Special Reference to B.Ed. and B.Tech. Institutions in Bihar" विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोधकार्य डॉ. प्रभात कुमार ढल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। पीएचडी शोधप्रबंध का मूल्यांकन दो बाह्य परीक्षकों, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता (शैक्षणिक एवं अनुसंधान), अंतर-विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र (आईयूसीटीई), बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा डॉ. रवि कांत, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार, गया द्वारा किया गया। पीएचडी की अंतिम खुली मौखिक परीक्षा बाह्य परीक्षक डॉ. रवि कांत की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इन्द्र कुमार जायसवाल मझगवां निवासी व्यवसायी श्री कामता प्रसाद जायसवाल एवं श्रीमती चंदा देवी जायसवाल के सुपुत्र हैं। उनकी इस उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। शिक्षाविदों, समाजसेवियों, मित्रों, शुभचिंतकों एवं परिजनों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं शोधमय भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त की हैं।

# गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले साइबर सुरक्षा का संदेश पहुँचा रही पुलिस



नवभारत न्यूज

**मैहर 7 जुलाई, "SAFE CLICK 2.0 " अभियान के अंतर्गत थाना बदेरा पुलिस द्वारा ग्राम धनवाही, मझगवां एवं विष्णुपुर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कर ग्रामीणजनों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए।**

कार्यक्रम के दौरान सहायक उपनिरीक्षक गंगादीन वर्मा ने आम बोलचाल की सरल भाषा में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वे अपना आधार कार्ड, बैंक खाते से संबंधित जानकारी, OTP, UPI PIN तथा अन्य गोपनीय दस्तावेज एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने बताया कि साइबर ठग लोगों को विभिन्न बहानों से झांसे में लेकर उनकी गोपनीय जानकारी एवं OTP प्राप्त करने का प्रयास करते हैं, जिससे आर्थिक धोखाधड़ी की आशंका बढ़ जाती है।


यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है, तो तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करें।

# युगों-युगों तक याद किया जायेगा प्रभु श्रीराम और माता शबरी का अगाध प्रेम

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 7 जुलाई, विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में आयोजित रामकथा में माता शबरी की कथा का रसपान कराते हुए श्री कामदगिरि पीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामी राम स्वरूप दास जी महाराज ने शबरी और प्रभु श्री राम के अगाध प्रेम को विस्तारपूर्वक बताया कि युगों-युगों तक ऐसा प्रेम का उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।**

श्री राम कथा का रसपान कराते हुए जगदगुरू स्वामी राम स्वरूप दास जी महाराज ने भगवान के वनवास की कथा सुनाते हुए कहा कि वनगमन के समय प्रभु की अनन्य भक्त शबरी अपनी कुटिया में अपनी पलकें बिछाकर प्रेम में जूठे बेर चखकर रखती थी। आज भगवान कुटिया की तरफ से पधार रहे हैं। यह करते-करते भगवान के आने की प्रतीक्षा में वर्षों बीत जाता है। फिर भी शबरी हार नहीं



मानती, आखिर भगवान को अपनी संगिनी की तलाश में वन के रास्ते शबरी की कुटिया में पहुंचते हैं। प्रभु श्री राम को पाकर माता शबरी धन्य हो जाती है। अपने चखे हुए जूठे बेर को बड़े ही प्रेम भाव से भगवान श्रीराम को खिलाती है।

जगदगुरू ने कहा कि नारायण प्रेम के भूखे हैं, जो भी भक्त प्रभु का सच्चे मन से याद करता हैं। उनके उपर प्रभु की कृपा अपने आप बरसती है। इस अवसर पर डॉ मदन गोपाल दास जी महाराज, ओंकार दास महाराज,नागा नरसिंह दास महाराज,पुजारी नंद किशोर दास लक्ष्मी दास महाराज,अर्चन दास महाराज,सर्वेश दास महाराज, बॉबी मिश्रा आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# नगर पंचायत की लापरवाही से आश्रम सहित दुकानों व घरों में घुसा पानी

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 7 जुलाई, मौसम विभाग के अलर्ट के बाद अमरपाटन सहित आसपास मानसून हुआ है अलर्ट , पिछले 12 घंटे से हो लगातार हो रही बारिश मानसून के शुरुआत में कल शाम से शुरू हुई बारिश आज सुबह तक लोगों के लिए आफत बनकर आई हैं.**

12 घण्टे से हो रही लगातार बारिश से सड़कों व बस्तियों में जलभराव की स्थित हुई निर्मित पंचायत की लापरवाही के कारण पहली बरसात में ही नालियों का पानी मैहर रोड स्वामी श्री अभयनंद आश्रम के पूरे परिसर सहित कमरों में पानी भ गया। इसका कारण नालियों की चोक होना है। मैहर रोड चौराहा से पूरे नगर की गन्दगी इसी नाली से निकलती है जो आश्रम के आगे नाली में मिट्टी डालकर पूरी तरह बंद कर दिया गया है जिसके चलते पानी को निकास न मिलने के कारण आश्रम में भरता है इस प्रकार की स्थिति विगत तीन-चार वर्षो से है। इस बारे में नगर परिषद को अवगत कराया गया लेकिन। कोई फर्क नहीं पड़ा कहने को तो नगर परिषद में सैकड़ो स्वीपर पद कर्मचारी हैं लेकिन उनमें से अधिकांश साहब बने फिरते हैं जिसके चलते समय में नालियों की सफाई नहीं होती उसका खामियाजा बस्ती के लोगों को भुगतना पड़ता है इसी तरह से , अमरपाटन के सतना चौराहे व अस्पताल के आस पास स?को में आया बारिश का पानी , पानी की निकासी न होने के चलते दुकानो में भरा बारिश का पानी देर रात दुकान खोल पानी की निकासी बनाते दुकानदार आए नजर.

# राजयोग से ही संभव है जीवन का सर्वांगीण विकास : बीके राजू भाई

नवभारत न्यूज

**जैतवारा 7 जुलाई, ब्रह्माकुमारीज़ जैतवारा सेवा केंद्र द्वारा आयोजित आध्यात्मिक एवं तनाव मुक्ति कार्यक्रम में माउंट आबू से पधारे प्रसिद्ध राजयोग प्रशिक्षक बीके राजू भाई ने कहा कि राजयोग मनुष्य के जीवन को सुख, शांति, आध्यात्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से भरने का सबसे प्रभावी माध्यम है।**

उन्होंने कहा कि वास्तविक शांति बाहरी संसार में नहीं, बल्कि आत्मा के मूल स्वरूप और परमात्म स्मृति में निहित है। राजयोग के नियमित अभ्यास से तनाव, भय, क्रोध और अहंकार से मुक्ति मिलती है तथा मन शांत और बुद्धि शक्तिशाली बनती है। उन्होंने शरीर के पाँच तत्वों एवं आत्मा के सात मूल गुणों



का भी सरल एवं प्रेरणादायक वर्णन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं शिवा ग्रामीण विकास संस्थान के संस्थापक बृजेंद्र सिंह ने कहा कि राजयोग व्यक्तित्व विकास, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। विशिष्ट अतिथि आनंद त्रिपाठी ने भारत एवं नेपाल में दो हजार से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से लाखों लोगों तक शांति का संदेश पहुँचाने तथा जेलों में किए गए सेवा कार्यों के लिए बीके राजू भाई की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष गुप्ता ने की। स्वागत उद्बोधन बीके मनोज भाई ने दिया तथा संचालन रीवा सेवा केंद्र से पधारे बीके प्रकाश भाई ने किया।

अंत में जैतवारा सेवा केंद्र की संचालिका मीना दीदी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीके गजाधर भाई, वरिष्ठ पूर्व शिक्षक अनिरुद्ध सिंह, राम प्रताप सिंह, नागेन्द्र सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सीएम योगी आज चित्रकूट आएंगे, तैयारी पूर्ण

आज होने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर न सिर्फ जिला प्रशासन और भाजपा संगठन तैयारियों में जुटा है बल्कि स्थानीय जनता में भी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भारी उत्साह है। मुख्यमंत्री चित्रकूट इंटर कॉलेज मैदान में दोपहर 2:25 बजे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और कलेक्ट्रेट सभागार में मंडल की विकास परियोजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे।मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर है। कमिश्नर, डीआईजी, डीएम और एसपी ने खुद चित्रकूट इंटर कॉलिज जनसभा स्थल और कलेक्टरेट सभागार का सघन निरीक्षण किया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कोई कोर कसर न रह जाये इसको लेकर वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 3 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। जिसकी कमान 5 एएसपी और 14 क्षेत्राधिकारियों के हाथों में होगी। भाजपा संगठन ने जनसभा में 15 से 20 हजार लोगों की भारी भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। स्थानीय जनता को उम्मीद है कि 8 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धर्मनगरी के विकास के लिए कुछ और बड़े उपहारों की घोषणा कर सकते हैं।